मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

मंगलवार, दिनांक 27 फरवरी, 2018 (फाल्गुन 8, शक संवत् 1939)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.

निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्रीयुत् श्रीनिवास तिवारी, मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष,
(2) श्री सुरेश सेठ, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(3) श्री पूरन सिंह बेड़िया, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(4) श्री तातूलाल अहिरवार, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(5) श्रीमती केशर बाई डामर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री रघुनाथ झा, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,
(7) डॉ. बोल्ला बुल्ली रमैया, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,
(8) श्री भरत नारायण श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सचिव, एवं
(9) जम्मू-कश्मीर के राजौरी में पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई गोलीबारी में शहीद जवान.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्री अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष महोदय, श्री गिरीश गौतम, श्रीमती शीला त्यागी, सदस्यगण द्वारा शोकोदगार व्यक्त किये गये. तदुपरांत अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

तत्पश्चात् दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.58 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 28 फरवरी, 2018 (9 फाल्गुन, शक सम्वत् 1939) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

ए. पी. सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 27 फरवरी, 2018